# करेंट अफेयर्स

## 06 सितम्बर, 2022

## राष्ट्रीय

1. **कर्त्तव्य पथ**

**खबरों में क्यों** – राष्ट्रपति भवन से इंडिया गेट तक प्रतिष्ठित राजपथ का नाम बदलकर कर्त्तव्य पथ रखा जाएगा।

**प्रमुख बिंदु –**

- ब्रिटिश शासन के दौरान इसे किंग्सवे कहा जाता था।
- यह सेंट्रल विस्टा परियोजना का हिस्सा है, जहां एक नए त्रिकोणीय संसद भवन का पुनर्निर्माण किया जा रहा है।

**पिछला नामकरण –**

- रेसकोर्स रोड (प्रधानमंत्री आवास) – लोक कल्याण मार्ग।
- औरंगजेब रोड – डॉ एपीजे अब्दुल कलाम रोड।
- तीन मूर्ति चौक – तीन मूर्ति हाइफा चौक।

## अंतरराष्ट्रीय

1. **ब्रिटेन के नए प्रधानमंत्री**

**खबरों में क्यों** – लिज़ ट्रस को 5 सितंबर, 2022 को कंजरवेटिव पार्टी का नेता और ब्रिटेन का अगला प्रधानमंत्री नामित किया गया।

**प्रमुख बिंदु –**

- इस चुनाव में लिज़ ट्रस (81,326 वोट) ने ऋषि सौनक (60,399 वोट) को हराया।
- मार्गरेट थैचर और थेरेसा मे के बाद ट्रस ब्रिटेन की तीसरी महिला प्रधानमंत्री हैं।

## विज्ञान – तकनीक

1. **इन्फ्लेटेबल एरोडायनामिक डिसेलेरेटर (आईएडी)**

**खबरों में क्यों** – इसरो ने अन्य ग्रहों पर सुरक्षित रूप से पेलोड उतारने के लिए आईएडी तकनीक का सफलतापूर्वक परीक्षण किया है।

**प्रमुख बिंदु –**

- आईएडी को इसरो के विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र (वीएसएससी) तिरुवनंतपुरम, केरल द्वारा डिजाइन और विकसित किया गया है।
- थुंबा से रोहिणी–300 (आरएच300 एमके II) परिज्ञापी रॉकेट के द्वारा इसका सफलता पूर्वक परीक्षण किया गया ।
- **अनुप्रयोग –**

A- रिकवरी ऑफ़ स्पेंट स्टेजेस ऑफ़ राकेट।

B- मंगल या शुक्र पर पेलोड लैंडिंग।

C- मानव अंतरिक्ष उड़ान मिशन के लिए अंतरिक्ष आवास बनाना।

## नियुक्तियाँ

1. **बी के त्यागी**

**खबरों में क्यों** – कैप्टन बिनेश कुमार त्यागी को शिपिंग कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एससीआई) के नए अध्यक्ष और एमडी के रूप में नियुक्त किया गया है।

## किताबें और लेखक

1. **पुस्तक "तलाक और लोकतंत्र"**

**खबरों में क्यों** – तलाक कानूनों पर "डिवोर्स

NEW BPSC BATCH STARTING FROM 07th SEPTEMBER 2022 (Hindi Medium - 02:30 PM - 05:30 PM)

एंड डेमोक्रेसी' ए हिस्ट्री ऑफ पर्सनल लॉ इन पोस्ट–इंडिपेंडेंस इंडिया'' नामक पुस्तक का विमोचन किया गया।

**प्रमुख बिंदु –**

- इसे सौम्या सक्सेना ने लिखा है।

## चर्चित व्यक्ति

### 1. सुरेश्वर सिन्हा

**खबरों में क्यों** – भारतीय नौसेना के दिग्गज और पर्यावरणविद् कमांडर सुरेश्वर सिन्हा का निधन हो गया।

**प्रमुख बिंदु –**

- उन्हें ''नदी योद्धा'' कहा जाता था जो यमुना नदी के पुनरुद्धार के लिए प्रयासरत थे।
- उन्होंने ''पानी मोर्चा'' नाम से एक एनजीओ का गठन किया था, जिसके माध्यम से उन्होंने जल संसाधनों और पर्यावरण संसाधनों के लिए लड़ाई जारी रखी।
- वह पनडुब्बी रोधी जहाज आईएनएस कदमत के कमांडिंग ऑफिसर थे।

### 2. बी शेख अली

**खबरों में क्यों** – इतिहास के प्रख्यात प्रोफेसर डॉ बी शेख अली का निधन हो गया।

**प्रमुख बिंदु –**

- डॉ अली के शोध कार्य का एक बड़ा हिस्सा हैदर अली और टीपू सुल्तान से संबंधित है।
- वह 1985 में राज्योत्सव पुरस्कार के प्राप्तकर्ता और दक्षिण भारत इतिहास कांग्रेस के संस्थापक हैं।

## खेल

### 1. राष्ट्रीय खेल 2022

**खबरों में क्यों** – अमित शाह ने 36वें राष्ट्रीय खेलों के गान और शुभंकर का अनावरण किया।

**प्रमुख बिंदु –**

- शुभंकर – सावज (अर्थात् शेर)।
- गान – जुडेगा इंडिया, जीतेगा इंडिया (सुखविंदर सिंह द्वारा गाया गया)।
- स्थान – गुजरात (6 शहर – अहमदाबाद, सूरत, वडोदरा, राजकोट, भावनगर और गांधीनगर)।
- अवधि – 29 सितंबर से 12 अक्टूबर, 2022।

## राज्य/संघ राज्य क्षेत्र

### 1. हर घर में आर ओ का पानी

**खबरों में क्यों** – भरतौल गांव (बरेली) उत्तर प्रदेश का पहला गांव बना जहां हर घर में आरओ का पानी है।

**प्रमुख बिंदु –**

- यह आदर्श ग्राम पंचायत पहल का एक हिस्सा है।

## बिहार

### 1. नष्ट हुई शराब की बोतलों से कांच की चूड़ियाँ

**खबरों में क्यों** – इस उद्देश्य के लिए जीविका द्वारा एक व्यवहार्यता रिपोर्ट तैयार की गई है।

**प्रमुख बिंदु –**

- शराबबंदी, आबकारी एवं निबंधन विभाग ने इसकी जिम्मेदारी जीविका दीदी को दी है।
- जीविका की महिलाओं का एक दल उत्तर प्रदेश में कांच की चूड़ियां बनाने का प्रशिक्षण ले रहा है।
- चूड़ियों की उत्पादन इकाई स्थापित करने के लिए 99.99 लाख का भुगतान किया गया है।

### 2. राजवर्धन आज़ाद

**खबरों में क्यों** – जाने– माने नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. राजवर्धन आजाद को वर्ल्ड आरओपी काउंसिल का अध्यक्ष चुना गया है।

**प्रमुख बिंदु –**

- वह बिहार राज्य विश्वविद्यालय सेवा आयोग के अध्यक्ष भी हैं।

NEW BPSC BATCH STARTING FROM 07th SEPTEMBER 2022 (Hindi Medium - 02:30 PM - 05:30 PM)

- नई परिषद का गठन 1 से 4 सितंबर तक दुबई में आयोजित 5वीं विश्व आरओपी (समयपूर्वता की रेटिनोपैथी) कांग्रेस में किया गया था।

### 3. ज्योतिर्लिंग दर्शन ट्रेन

**खबरों में क्यों**– पहली बार बिहार से स्वदेश दर्शन टूरिस्ट ट्रेन रवाना होगी.

**प्रमुख बिंदु** –

- यह 10 अक्टूबर को दरभंगा से शुरू होगी और तीर्थयात्रियों को लेने के लिए मुजफ्फरपुर और पाटलिपुत्र जंक्शन पर रुकेगी।
- यह ट्रेन 20 अक्टूबर को महाकालेश्वर और ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग, श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग और श्री द्वारकाधीश मंदिर, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग , शिरडी, श्री त्र्यंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग के दर्शन कर दरभंगा लौटेगी ।

### 4. चिकित्सा अपशिष्ट निपटान

**खबरों में क्यों** – सरकार ने निजी भागीदारी के जरिए कम से कम 6 मेडिकल वेस्ट प्लांट लगाने का फैसला किया है।

**प्रमुख बिंदु** –

- वर्तमान में केवल 4 बायो–मेडिकल वेस्ट प्लांट हैं (आवश्यक – 10)। वे पटना, मुजफ्फरपुर गया और भागलपुर में स्थित हैं।

◆◆◆

NEW BPSC BATCH STARTING FROM 07th SEPTEMBER 2022 (Hindi Medium - 02:30 PM - 05:30 PM)

# करेंट अफेयर्स एक नजर

## 06 सितम्बर, 2022

PERFECTION
IAS

/PerfectionIAS

## Important Takeaways

- परफॉर्मेक्स एक्टिववियर ने हाल ही में किस खिलाड़ी को अपना ब्रांड एंबेसडर बनाया है – **जसप्रीत बुमराह**
- किसने भारत में बायोगैस प्रदर्शन परियोजना शुरू करने के लिए राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं – **सुजुकी मोटर कॉर्पोरेशन**
- भारत में आपूर्ति श्रृंखला वित्त समाधानों को बढ़ावा देने के लिए किस बैंक ने एशियाई विकास बैंक के साथ एक रणनीतिक साझेदारी पर हस्ताक्षर किए हैं – **इंडसइंड बैंक**
- किस मंत्री ने हाल ही में 'स्मार्ट सॉल्यूशंस चैलेंज एंड इनक्लूसिव सिटीज अवार्ड 2022' वितरित किया है – **हरदीप सिंह पुरी**
- किस केंद्रीय मंत्री ने ''स्वस्थ सबल भारत''सम्मेलन का उद्घाटन किया – **डॉ मनसुख मंडाविया**
- एनजीटी ने किस राज्य पर कचरा प्रबंधन नियमों का उल्लंघन करने पर 3500 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है – **पश्चिम बंगाल**
- ''इंडियन बैंकिंग इन रेट्रोस्पेक्ट–75 इयर्स ऑफ इंडिपेंडेंस'' पुस्तक के लेखक कौन हैं – **आशुतोष राराविकर**
- कौन सा देश पहले यूएस – प्रशांत द्वीप देश शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा – **संयुक्त राज्य अमेरिका**
- किस बैंक ने डिजिटल ऋणदाताओं के लिए उधारकर्ताओं की सुरक्षा हेतु नए दिशा निर्देश जारी किए हैं – **आरबीआई**
- दक्षिण एशियाई फुटबॉल महासंघ (SAFF) टूर्नामेंट किस देश में शुरू हुआ – **श्रीलंका**

NEW BPSC BATCH STARTING FROM 07th SEPTEMBER 2022 (Hindi Medium - 02:30 PM - 05:30 PM)

103, KUMAR TOWER, BORING RD. CROSSING PATNA

More information call us 9155090871/72/73

www.perfectionias.com
VISIT OUR WEBSITE